# समाज विकास

मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

● फरवरी २०११ ● वर्ष ६१ ● अंक २


## २२वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन ( पटना, २९-३० जनवरी )

## अध्यक्ष हरिप्रसाद कानोड़िया द्वारा पद भार ग्रहण

22वें राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन करते बिहार के पथ निर्माण मंत्री श्री नन्दकिशोर यादव, उपस्थित हैं बिहार के खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री श्याम रजक, पशुपालन एवं मत्स्य मंत्री श्री गिरिराज सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल रुँगटा, नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री हरिप्रसाद कानोड़िया, पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री श्री रामअवतार पोद्दार ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष
हरिप्रसाद कानोड़िया

- **संगठन एवं समाज सुधार सम्बन्धी महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित**
- **राष्ट्रीय पदाधिकारी मनोनीत**
- **सीताराम महर्षि ( रतनगढ़ ) राजस्थानी भाषा साहित्य पुरस्कार से पुरस्कृत**
- **भागचन्द पोद्दार ( राँची ) को भंवरमल सिंघी समाजसेवा पुरस्कार**
- **अखिल भारतीय समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न**

श्री संतोष सराफ राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त

अन्य पदाधिकारी

*उपाध्यक्ष* : श्री रामअवतार पोद्दार ( प.बंगाल ) श्री बद्रीप्रसाद भीमसरिया ( बिहार )
श्री ओम प्रकाश खण्डेलवाल ( पूर्वोत्तर ) श्री रमेशचन्द गोपीकिशन बंग ( महाराष्ट्र )
श्री संतोष अग्रवाल ( छत्तीसगढ़ ) श्री रामकुमार गोयल ( आंध्र प्रदेश )

*कोषाध्यक्ष* : श्री आत्माराम सोंथलिया

*संयुक्त महामंत्री* : श्री संजय हरलालका व श्री कैलाशपति तोदी

संतोष सराफ
राष्ट्रीय महामंत्री

POSTAL REGISTRATION KOLRMS:131/2010-2012

RNI REGD. NO 53281/95

# Empowering Entrepreneurs to shape the future

Financing and leasing of equipment, new and old, across diverse sectors :

Construction | Infrastructure | Mining | Information Technology | Healthcare

Product Schemes : Loans | Lease | Insurance Broking

SREI BNP PARIBAS

SREI **Holistic Infrastructure Institution**

Infrastructure Equipment Leasing & Finance | Infrastructure Project Finance, Advisory and Development | Venture Capital | Capital Market | Sahaj e-Village | QUIPPO – Equipment Bank

# समाज विकास

◆ फरवरी 2011 ◆वर्ष 61 ◆अंक-2 ◆एक प्रति-10 रु. ◆वार्षिक-100 रु.


## अनुक्रमणिका


| क्रमांक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| ***सम्पादकीय :*** राजनैतिक चेतना एवं अधिकार - **सीताराम शर्मा** | ४ |
| नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री हरिप्रसाद कानोड़िया** का अभिभाषण | ५ |
| समाज में पैदा करनी होगी वैचारिक क्रांति - **संतोष सराफ** | ८ |
| ***पटना में सम्पन्न अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के २२वें राष्ट्रीय अधिवेशन की रपट*** | |
| हरिप्रसाद कानोड़िया ने अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया | ९-१० |
| पटना अधिवेशन में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव | ११-१५ |
| प्रस्तावों पर हुई बहस का एक हिस्सा | १६-१७ |
| रमेश गर्ग फिर इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त | १७ |
| तस्वीरों में २२वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन | १८-२५ |
| ***अखिल भारतीय समिति की बैठक की संक्षिप्त रिपोर्ट*** | २७, २९ |
| होली की उपाधि | ३०-३१ |
| परिचय : समाज रत्न बसंतलाल मुरारका | ३३ |
| सम्मेलन के नये सदस्य | ३४ |



**स्वत्वाधिकारी**

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन ◆ 152बी, महात्मा गांधी रोड, कोलकाता - 700007
फोन : 033-2268 0319 ◆ email-samajvikas@gmail.com
के लिए श्री भानीराम सुरेका द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित तथा
ऐभल प्रिंटर्स लि., 45बी, राजाराम मोहन राय सरणी, कोलकाता - 700009 से मुद्रित
◆ **प्रेरक संपादक : नंदकिशोर जालान,** ◆ **संपादक : सीताराम शर्मा**


प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।


## वैवाहिक आचार संहिता

- मिलनी सबकी ४ रुपया।
- अधिकतम २५ व्यंजन का नियम लागू हो।
- विवाह में दोनों पक्षों को मिलाकर यथासंभव सीमित उपस्थिति हो।
- कम खर्च वाले साधारण निमंत्रण पत्र छपने चाहिए।
- नेग का कार्यक्रम एक ही होना चाहिए।
- सगाई/विवाह की मिठाई का खर्च वर पक्ष ही वहन करें।
- बैण्ड, सड़क पर नाच, वैवाहिक समारोहों में शराब का उपयोग वर्जित हो।
- रात्रि के विवाह की वनिस्पत दिन के विवाह को प्राथमिकता दी जाए।

**सम्मेलन धार्मिक व अन्य सामाजिक समारोहों में भी सादगी बरतने की अपील करता है**

**अखिल भारतीय समिति की 20 फरवरी 2011 को कोलकाता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय**

सम्पादकीय

# राजनैतिक चेतना एवं अधिकार



– सीताराम शर्मा

मेरे राष्ट्रीय अध्यक्षता के कार्यकाल (२००६-२००८) में मैंने दो नये कार्यक्रमों – राजनैतिक चेतना एवं उच्च शिक्षा – पर अधिकाधिक जोर दिया था। उच्च शिक्षा के कार्यक्रम को समाज का प्रबल समर्थन प्राप्त हुआ एवं यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि सम्मेलन एक २ करोड़ के उच्च शिक्षा कोष की दिशा में सफलतापूर्वक अग्रसर है।

राजनैतिक चेतना कार्यक्रम ने समाज की अर्न्तचेतना को छूआ है। विभिन्न राज्यों में प्रांतीय स्तर पर मारवाड़ी राजनैतिक कार्यकर्त्ता सम्मेलनों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। समाज के लोगों से आवेदन किया गया कि वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करायें, मतदान में सक्रिय रूप से भाग लें एवं अपने राजनैतिक अधिकारों का प्रयोग करें। मैंने इस संदर्भ में नारा दिया था कि "**कोषाध्यक्ष नहीं, अध्यक्ष बनो।**" यानि धन के बल पर नहीं, जन-बल एवं जन-समर्थन के आधार पर राजनीति से जुड़ें एवं अपने अधिकारों को प्राप्त कर समाज का राजनीति के क्षेत्र में प्रतिनिधित्व करें।

**महाराष्ट्र एवं अन्य एक-दो प्रांतों को छोड़कर अन्य राज्यों में प्रवासी मारवाड़ी समाज अपनी जनसंख्या, आर्थिक एवं सामाजिक योगदान के अनुकूल राजनैतिक स्वीकृति एवं मान्यता प्राप्त नहीं कर पाया है। यह एक चिन्तनीय विषय है। मारवाड़ी समाज किसी भी संकीर्णता, प्रांतीयता, जातिवाद का हामी नहीं रहा है, लेकिन अपने राजनैतिक अधिकारों के प्रति सचेत है।**

यहाँ यह उल्लेख करना संभवत: आवश्यक है कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना के पीछे एक महत्वपूर्ण कारण एवं उद्देश्य राजनैतिक अधिकार का भी था। सम्मेलन के स्थापना वर्ष १९३५ में ब्रिटिश सरकार के भारत विधेयक के अनुसार "**जो देशी राज्यों की प्रजा है उसे ब्रिटिश राज्य की प्रजा के नागरिक अधिकार नहीं दिये जायेंगे।**" **यह आशंका हुई कि मारवाड़ी समाज के व्यक्ति जो विभिन्न प्रदेशों में बसे हुए हैं उन्हें देशी राज्यों की प्रजा मानकर यदि नागरिक अधिकार प्राप्त नहीं हुए तो वे देश भर में विदेशियों की तरह समझे जायेंगे – न उन्हें वोट का अधिकार प्राप्त होगा, न कोई नागरिक अधिकार।**

अन्य समाज की तरह हमारे समाज के सर्वांगीण विकास- शैक्षणिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं सामाजिक – के लिये राष्ट्र की राजनीति एवं नीतियों का महत्वपूर्ण प्रभाव है। हमें राष्ट्र निर्माण के कार्य में अपनी सार्थक भूमिका निभानी है। साथ ही साथ हमें समाज के बड़े हितों की रक्षा के लिए अपने राजनैतिक अधिकारों को सुदृढ़ करना है।

महाराष्ट्र एवं अन्य एक-दो प्रांतों को छोड़कर अन्य राज्यों में प्रवासी मारवाड़ी समाज अपनी जनसंख्या, आर्थिक एवं सामाजिक योगदान के अनुकूल राजनैतिक स्वीकृति एवं मान्यता प्राप्त नहीं कर पाया है। यह एक चिन्तनीय विषय है। मारवाड़ी समाज किसी भी संकीर्णता, प्रांतीयता, जातिवाद का हामी नहीं रहा है, लेकिन अपने राजनैतिक अधिकारों के प्रति सचेत है।

**उदाहरण स्वरूप पश्चिम बंगाल की राजनैतिक स्थिति पर विचार तर्कसंगत होगा। कहा जाता है कि कोलकाता में जितने मारवाड़ी बसते हैं उतने संभवत: राजस्थान के किसी एक शहर में नहीं हैं। लेकिन यह एक विडंबना है कि उसकी जनसंख्या एवं आर्थिक योगदान की तुलना में समाज का राजनैतिक प्रतिनिधित्व प्राय: नगण्य है। स्वतंत्रता के पश्चात् सरकार में इक्का-दुक्का प्रतिनिधित्व अवश्य रहा जबकि पिछले ३० वर्षों से समाज की बात को सरकार में रखने के लिये कोई आवाज नहीं है। यह स्थिति कई अन्य राज्यों में भी है।** मारवाड़ी सम्मेलन कभी कोई आरक्षण की बात नहीं करता है। लेकिन प्रतिनिधित्व की निश्चित रूप से कामना करता है। इसके लिये अआवश्यक है कि समाज में राजनैतिक चेतना विकसित हो एवं हम अपने राजनैतिक अधिकारों को सुदृढ़ कर सही प्रतिनिधित्व प्राप्त करने की ओर प्रयास करें। मारवाड़ी समाज ने देश के प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान किया है – हमें राजनैतिक भूमिका भी निभानी है क्योंकि यह न केवल हमारे समाज के लिये शुभ साबित होगी बल्कि राष्ट्र विकास एवं राष्ट्रीय एकता में भी महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगी।

# नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हरिप्रसाद कानोड़िया का अभिभाषण

**मातृशक्ति, साथियों, भाईयों एवं युवा वर्ग,**

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के २२वें राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूँ। सर्वप्रथम मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि नव वर्ष हमारे समाज, देश एवं विश्व में समृद्धि, विकास एवं शांति लेकर आये। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के भव्य स्वागत, सुन्दर व्यवस्था एवं मेजबानी के लिये हम सभी आभारी हैं। बिहार की भूमि पुण्य है। हमारे देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसादजी बिहार से थे। मुझे गर्व है, मेरा जन्म बिहार में हुआ। बिहार मेरी जन्मभूमि है।

हाल ही में सम्मेलन की कौस्तुभ जयंती समारोह के उद्घाटन के अवसर पर भारत की राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती प्रतिभा देवीसिंहजी पाटील ने अपने पति श्री देवीसिंहजी शेखावत के साथ कोलकाता पधार कर हम सभी को गौरवान्वित किया। इसके पूर्व सम्मेलन की स्वर्ण जयंती एवं हीरक जयंती के अवसरों पर तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंहजी एवं डॉ. शंकर दयालजी शर्मा ने हमें अपनी उपस्थिति से कृतार्थ किया था।

मैं इस अवसर पर सम्मेलन के संस्थापक सभापति स्व. राय बहादुर रामदेव चोखानी, सम्मेलन के प्रेरणा- स्त्रोत स्व. ईश्वरदास जालान एवं उन सभी मनीषियों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जो आज हमारे बीच में नहीं हैं।

सम्मेलन की 75 वर्ष की यात्रा की अग्रगति में सभी पूर्व सभापतियों एवं पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सम्मेलन के स्तम्भ पुरुष वयोवृद्ध श्री नन्दकिशोरजी जालान, पूर्व अध्यक्ष श्री सीतारामजी शर्मा एवं निवर्तमान अध्यक्ष श्री नन्दलालजी रुँगटा का वर्तमान में सम्मेलन में विशिष्ठ स्थान है। इनका सहयोग, समर्थन एवं पथ प्रदर्शन मेरा सबसे बड़ा सम्बल रहेगा।

**संगठन के बिना कुछ भी सम्भव नहीं है। हमें अपनी जड़ों को मजबूत करने हेतु नगर, जिला, प्रांतीय शाखाओं को और संगठित, शक्तिशाली एवं मजबूत करना है। देश व्यापी सदस्यता अभियान आरम्भ करना है। नई शाखाओं का विस्तार करना है। हमें सही मायने में राष्ट्रीय प्रतिनिधि संस्था के रुप में सम्मेलन को स्थापित करना होगा। प्रान्तीय शाखाओं एवं राष्ट्रीय सम्मेलन के बीच लगातार सम्पर्क एवं सामंजस्य स्थापित करना है। मुझे पूरा विश्वास है कि समाज का प्रत्येक सदस्य सम्मेलन का सदस्य बनेगा। सम्मेलन के लक्ष्य को अपना लक्ष्य समझेगा।**



समाज सुधार सम्मेलन का मुख्य कार्यक्रम रहा है। अप्रैल 1947 में सम्मेलन सभापति स्व. बृजलाल बियाणी ने छठवें अधिवेशन, मुंबई में पहली बार **समाज सुधार एवं समरसता** का नारा दिया था। पर्दा प्रथा, बाल विवाह, विधवा विवाह, मृतक भोज आदि रूढ़ियों के विरुद्ध हमें सफलता मिली है, लेकिन दहेज-दिखावा, आडम्बर, फिजूलखर्ची, भ्रूण हत्या, व्यर्थ की स्पर्द्धा आदि कुरीतियों से हम अभी भी जूझ रहे हैं। सनातन धर्म हमें सादगी, सच्चाई, प्रेम, भाईचारा, सिखाता है। हम नये-नये आडम्बरों में उलझ रहे हैं। धार्मिक अनुष्ठान, भागवत् एवं कीर्तन भी दिखावे एवं आडम्बर के घेरे में आ रहे हैं। दिखावे और झूठी शान के लिए कर्ज लेकर भी समाज के लोग शादी-विवाह एवं अन्य सामाजिक समारोहों में धन का अपव्यय करते हैं। इसने समाज में गलत प्रतिस्पर्द्धा को जन्म दिया है। हमारे सम्मेलन के मार्ग दर्शकों ने इन चुनौतियों का सदैव सामना किया है। आप सबके सहयोग से हमें समाज को इन कुरीतियों से मुक्त करना है।

हम अपने पूर्वजों की सीखों को भूल रहे हैं। उनकी ईमानदारी, सादगी, संचय की प्रवृत्ति, जीवन के मूल्य, पारिवारिक प्रेम सभी हम भूलते जा रहे हैं। पाश्चात्य प्रभाव बढ़ रहा है लेकिन पश्चिमी देशों की अच्छी बातों को भी हम अपना नहीं रहे हैं। विश्व के सबसे धनी व्यक्ति वॉरेन बफेट अभी भी अपने 25 साल पुराने फ्लैट में रहते हैं, पुरानी गाड़ी में चढ़ते हैं एवं अरबों की धनराशि का दान करते हैं। हम तो दान कम करते

With Best Compliments :

## HOUSE OF IRON ORE SUPPLIERS

# R.B.SETH SHREERAM NARSINGDAS

RBSSN

**SANKALAPURAM IRON ORE MINES**
**POST BOX NO. 38, KARIGANUR POST,**
**HOSPET-583201, DIST. BELLARY,**
**KARNATAKA.**

PHONE (O) (08394) 266011, 265825, 653888, 9900558001
FAX (08394) 265424, 266188

**E-mail address**

ironorehospet@gmail.com, office@rbssn.com admin@rbssn.com

**LEADING SUPPLIER OF SUPER HIGH GRADE IRON ORE AND HIGH GRADE IRON ORE FINES.**

**We specialized in the supply of the following :-**

1. Iron ore fines 0-90% and above -(-) 10 mm, %Fe 62 to 66.
2. Calibrated Iron ore: (+) 10mm to (-) 40mm in, %Fe 62 to 65.
3. Heavy Density Hamatite Lumps and Aggregates for Nuclear power plant.

-: Sister Concerns :-

**M/S RAJLAKSHMI MINERALS,**
**M/S RBSSN FERROUS INDUSTRIES PRIVATE LIMITED**

हैं, फोटो ज्यादा खिंचवाते हैं।

अब समाज की बागडोर युवकों एवं युवतियों के हाथ में है कि वे इसे किस दिशा की ओर ले जाते हैं। उन्हें आदर्श स्थापित करने हैं। शिक्षा नहीं, उच्चतम् शिक्षा प्राप्त करनी है। प्रशासनिक, तकनीकी, चिकित्सा सभी क्षेत्रों में शिखर पर पहुँचना है। व्यवसाय को नहीं छोड़ना है, उच्च शिक्षा प्राप्त करके अपने व्यवसाय में रहकर उसे नयी प्रगति के पथ पर ले जाना है। अपने नैतिक, पारिवारिक एवं सामाजिक मूल्यों को बचाकर रखना है। स्वामी विवेकानन्द ने तकनीकी एवं नैतिक शिक्षा पर एक जैसा जोर दिया है।

समाज सुधार बिना युवक-युवतियों के सहयोग के संभव नहीं है। शराब, सिगरेट, पान मसाला आदि नशे की चीजें शादी-विवाह में खुले तौर पर रखी जाती हैं। इसका विरोध होना चाहिए।

समाज को राजनैतिक क्षेत्र को उदासीनता से नहीं देखना चाहिये। राजनैतिक चेतना एवं भागीदारी समय का तकाजा है।

मैं नारी शक्ति से विशेष अपील करना चाहता हूँ क्योंकि परिवार एवं समाज में उनकी भूमिका अत्यन्त प्रभावी एवं महत्वपूर्ण है।

मारवाड़ वीरांगनाओं का देश रहा है। आज यदि मारवाड़ी समाज में महिलाओं की ही अवहेलना हो तो इससे अधिक शर्म की बात क्या हो सकती है। गीता में कहा गया है - नारी, परिवार और समाज में संस्कार की कमी होने से अधर्म फैल जाता है। हमें समाज की नारी को शिक्षित एवं विकसित करना है।

संगठन के बिना कुछ भी सम्भव नहीं है। हमें अपनी जड़ों को मजबूत करने हेतु नगर, जिला, प्रांतीय शाखाओं को और संगठित, शक्तिशाली एवं मजबूत करना है। देश व्यापी सदस्यता अभियान आरम्भ करना है। नई शाखाओं का विस्तार करना है। हमें सही मायने में राष्ट्रीय प्रतिनिधि संस्था के रुप में सम्मेलन को स्थापित करना होगा। प्रान्तीय शाखाओं एवं राष्ट्रीय सम्मेलन के बीच लगातार सम्पर्क एवं सामंजस्य स्थापित करना है। मुझे पूरा विश्वास है कि समाज का प्रत्येक सदस्य सम्मेलन का सदस्य बनेगा। सम्मेलन के लक्ष्य को अपना लक्ष्य समझेगा।

आप सभी ने मुझे अध्यक्ष निर्वाचित कर जो मान-सम्मान एवं महती उत्तरदायित्व सौंपा है उसके लिये मैं आप सभी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन देना चाहता हूँ कि मैं यथा शक्ति एवं यथासंभव आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने और उन्हें पूरा करने का पूर्ण प्रयास करूँगा। **राष्ट्र री प्रगति म्हारो लक्ष्य** हमारा उद्देश्य है जो हमारे चिन्ह पर अंकित है, हम सभी को इसी ओर कार्यशील होना है। मुझे विश्वास है कि मेरे कार्यकाल में मुझे आपके सहयोग एवं स्नेह की कोई कमी नहीं रहेगी। आपके समर्थन एवं सहयोग पर ही मेरी सफलता निर्भर है।

मैं आप सभी के बिना कुछ भी नहीं हूँ। मेरी शक्ति आप सभी हैं। मेरी एक प्रार्थना है, नि:संकोच मुझे सुझाव दें, मुझे आगाह करते रहें एवं मेरे कार्यों की समीक्षा करें। मैं आपके साथ-साथ चलना चाहता हूँ- अपने पूर्वजों द्वारा निर्धारित लक्ष्य एवं उद्देश्यों की यात्रा की ओर।

आप सभी को बार-बार धन्यवाद।

हरिप्रसाद कानोड़िया

**हरिप्रसाद कानोड़िया**

# बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन

## 27 वाँ प्रादेशिक अधिवेशन

**बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का 27वाँ प्रादेशिक अधिवेशन आगामी 12 एवं 13 मार्च 2011 को गया शाखा के आतिथ्य में होने जा रहा है। अधिवेशन में श्री विजय कुमार किशोरपुरिया प्रादेशिक अध्यक्ष पद का भार ग्रहण करेंगे। अधिवेशन में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थित है। कृपया पहुँचने की सूचना प्रेषित करें।**

**कमल नोपानी**
अध्यक्ष ( 093341 12410 )

**राजेश सिकरिया**
महामंत्री ( 093043 03587 )

# समाज में पैदा करनी होगी वैचारिक क्रांति

-संतोष सराफ, राष्ट्रीय महामंत्री

संगठन ही सर्वोपरि होता है और संगठन ही शक्तिशाली होता है। व्यक्तियों के समूह से संगठन चलता है और फिर संगठन से जुड़ते जाते हैं असंख्य लोग। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन भी ऐसा शक्तिशाली, सतत् प्रगतिशील और समाजोन्मुखी संगठन है, जिसकी शाखाएं फैलती जा रही हैं, लोग जुड़ते जा रहे हैं और पांव पसरते जा रहे हैं। मुझे ऐसे स्वनामधन्य संगठन से जुड़ने और अपनी सेवाएं देने का अवसर मिला है, जिसके लिए मैं हृदय की गहराईयों से आभार व्यक्त करता हूँ। मैं धन्यवाद देना चाहता हूँ सम्मेलन के उन पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों को, जिन्होंने मुझे इस योग्य समझा। विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहता हूँ अध्यक्ष महोदय को, जिनके सान्निध्य में संगठन के वैचारिक आंदोलन को नया आयाम देना है। हमें संगठन को और भी चुस्त-दुरुस्त करना है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना है। समाज के साधारण लोगों को समेटना है, साथ लेना है, उनके विचारों को सुनना है-समझना है और सम्मेलन के नेतृत्व वर्ग तक पहुँचाना है ताकि नीचे से ऊपर तक, छोटे से बड़े तक लोगों की आकांक्षाएं, उम्मीदें समझी जा सकें और उसी के अनुरूप सम्मेलन विचारों की क्रांति का दौर शुरू कर सके।

**देश की आजादी के आंदोलन में, राष्ट्र के नव-निर्माण में, देश की आर्थिक-औद्योगिक तरक्की में मारवाड़ी समाज का अवदान अपने आप में विशिष्ट स्थान रखता है। हमें अपने समाज की इस गौरव गाथा को आगे बढ़ाना है।**

हां, हमें विचारों की क्रांति पैदा करनी है। समय और परिस्थितियों के मुताबिक आंदोलन के तौर-तरीके बदलने हैं। हमारे समाज में व्यापार हो या उद्योग, नौकरी पेशा हो या राजनीति, साहित्य हो या काव्य, जिधर भी देखो उधर ही मारवाड़ी समाज के लोग अपनी मजबूत उपस्थिति का अहसास करा रहे हैं। अपनी कार्यकुशलता और बौद्धिक क्षमता का इजहार करा रहे हैं। इस तरफ से कमी नहीं है, अगर कहीं कोई कमी दिख रही है तो वह है वैचारिक क्रांति की। हमें समाज के सभी वर्गों, चाहे युवा हों या प्रौढ़, महिलाएं हों या पुरुष या फिर युवतियां ही क्यों न हों, सब तक अपनी बात पहुंचानी होगी। जरूरत पड़े तो तर्क संगत ढ़ंग से अपनी बात रखनी है और उन्हें भारतीय संस्कृति-सभ्यता और अपने समाज की परंपराओं-रीति-रिवाजों का स्मरण कराना है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि आज वैश्विक युग में भी हमारे समाज में अपनी परम्पराएं मौजूद हैं। परम्पराओं का निर्वहन हो रहा है। यह अलग बात है कि लोग अपने तौर-तरीकों से परम्पराओं का मानते-मनाते हैं। हमें सोच का दायरा बढ़ाना है। उद्योग-व्यापार के क्षेत्र से ऊपर उठते हुए कई अन्य क्षेत्रों में भी उतनी ही सक्रियता दर्शानी है, जितनी सक्रियता हम उद्योग-धंधे में दिखाते चले आ रहे हैं।

समाज में बुराइयां हैं, आगे भी रही हैं और आने वाले समय में भी हो सकती हैं। जिन पर हमें गौर करना है। हमें सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठानी है और यह आवाज सिर्फ संगोष्ठियों, सभा मंचों तक ही सीमित न रह जाए, इस बात पर पूरा ध्यान देना है। निश्चित रूप से हमारे समाज ने उद्योग-व्यापार और आर्थिक मोर्चे पर तरक्की की है, लेकिन तरक्की का यह सिलसिला दूसरे क्षेत्रों में मोड़ना है। सामाजिक बुराइयों को अब और आगे नहीं बढ़ने देना है। हमें चुप नहीं बैठना है। निराश-हताश भी नहीं होना है। निराशा का कोई कारण भी नहीं है, क्योंकि विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी सजग है, जागरूक है और विकसित सोच वाली है। इसलिए आशावान रहना है। आशावान इसलिए रहना है, क्योंकि अगर हम वैचारिक दृष्टि से कोई बात युवाओं को समझाने में सफल हो गए तो फिर युवा शक्ति का एक मजबूत आधार हमें हासिल हो जाएगा। युवा शक्ति का साथ मिलते ही हमारी बहुत सारी समस्याएं स्वत: खत्म हो जाएंगी। तो आइए, हम अपने समाज की युवा शक्ति को अपनाएं, युवाओं के करीब जाएं और उन्हें ही सम्मेलन का कर्ता-धर्ता बनाने की ओर कदम बढ़ाएं।

## २२वें राष्ट्रीय अधिवेशन की रपट

### अ.भा. मारवाड़ी सम्मेलन का 22वां राष्ट्रीय अधिवेशन पटना में सम्पन्न

# हरिप्रसाद कानोड़िया ने अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

**22वें राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन करते बिहार के पथ निर्माण मंत्री श्री नन्दकिशोर यादव, उपस्थित हैं बिहार के खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री श्याम रजक, पशुपालन एवं मत्स्य मंत्री श्री गिरिराज सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल रुँगटा, नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री हरिप्रसाद कानोड़िया, पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री श्री रामअवतार पोद्दार।**

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का 22वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन गत 29-30 जनवरी 2011 को बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में पटना के बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स हॉल में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन का उद्घाटन बिहार के पथ निर्माण मंत्री नन्दकिशोर यादव ने किया। इस मौके पर बिहार के खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री श्याम रजक, पशुपालन एवं मत्स्य मंत्री गिरिराज सिंह एवं पर्यटन मंत्री सुनील कुमार पिन्टू ने उपस्थित होकर सम्मेलन के कार्यों की सराहना की। राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्दलाल रुँगटा से नवानिर्वाचित अध्यक्ष हरिप्रसाद कानोड़िया ने पदभार ग्रहण किया। इसके अलावा भंवरमल सिंघी समाजसेवा पुरस्कार से रांची के भागचन्द पोद्दार एवं सीताराम रुँगटा राजस्थानी भाषा साहित्यिक पुरस्कार से राजस्थान के रतनगढ़ निवासी सीताराम महर्षि को सम्मानित किया गया। संगठन को मजबूत करने एवं विगत दो वर्षों में बेहतर कार्य करने के लिए बिहार एवं उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी तथा सम्मेलन के सबसे पुराने कर्मचारी मथुरा सिंह को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष सीताराम शर्मा, स्वागताध्यक्ष दशरथ गुप्ता, बिहार प्रदेश के अध्यक्ष कमल नोपानी, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्षा

**राष्ट्रीय अध्यक्ष**
**श्री हरिप्रसाद कानोड़िया**



**झण्डोत्तोलन करते राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल रुँगटा, परिलक्षित हैं बिहार के पशुपालन एवं मत्स्य मंत्री श्री गिरिराज सिंह, पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री श्री रामअवतार पोद्दार, बिहार अध्यक्ष श्री कमल नोपानी व अन्य।**

श्रीमती स्मिता चेचानी आदि ने वक्तव्य रखा। राष्ट्रीय महामंत्री रामअवतार पोद्दार ने विगत दो वर्षों के कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट पेश की।

राजस्थानी भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस मौके पर **सीखो राजस्थानी** पुस्तक का लोकार्पण किया गया।

खुले सत्र में राष्ट्रीय एकता, आर्थिक अवसर एवं चुनौतियां, राजनैतिक, उच्च शिक्षा कोष, राजस्थानी भाषा, समाज सुधार, संगठन आदि प्रस्ताव व्यापक चर्चा के बाद सर्वसम्मति से पारित किये गये। संचालन संयुक्त महामंत्री संजय हरलालका एवं धन्यवाद ज्ञापन बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री राजेश सिकरिया ने किया।

अधिवेशन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बद्रीप्रसाद भीमसरिया व ओमप्रकाश खण्डेलवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आत्माराम सोंथलिया, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री रतन शाह व भानीराम सुरेका, प.बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष विजय गुजरवासिया, उत्कल के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र लाठ व महामंत्री विजय केडिया, झारखण्ड के प्रादेशिक महामंत्री कमल केडिया, म.प्र. के अध्यक्ष कमलेश नाहटा, संयोजक निर्मल झुनझुनवाला सहित विभिन्न प्रांतों से अनेक सदस्यों ने शिरकत की।

**पदभार ग्रहण करने के पश्चात् राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हरिप्रसाद कानोड़िया एवं निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल रुँगटा।**

## पटना अधिवेशन द्वारा

# सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव

**राष्ट्रीय एकता, संगठन, आर्थिक अवसर एवं चुनौतियां, राजनीति, समाज सुधार, उच्च शिक्षा एवं राजस्थानी भाषा पर महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित**

विषय निर्वाचनी सभा की बैठक में बाएं से स्वागताध्यक्ष श्री दशरथ कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष श्री बद्रीप्रसाद भीमसरिया, राष्ट्रीय महामंत्री श्री रामअवतार पोद्दार, पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल रुँगटा, नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री हरिप्रसाद कानोड़िया, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री कमल नोपानी, संयुक्त महामंत्री श्री संजय हरलालका।

प्रस्ताव - 1

### राष्ट्रीय एकता

सम्मेलन का यह अधिवेशन भारत की राष्ट्रीय एकता और अखंडता को सर्वोपरि मानता है। राष्ट्र की सार्वभौमिकता तथा अखण्डता को चुनौती देने वाली सभी प्रकार की विघटनकारी, आतंकवादी एवं हिंसक प्रवृतियों के विरुद्ध सचेत रहने एवं प्रतिकार करने के लिये समाज आह्वान करता है। प्रान्तीयता, क्षेत्रीयता, भाषा, संस्कृति, धर्म एवं सम्प्रदाय के आधार पर अलगाववाद को बढ़ावा देने वाली प्रवृतियों को सम्मेलन देश की एकता के लिये एक खतरनाक चुनौती मानता है। इस तरह की प्रवृतियों के विरुद्ध एवं राष्ट्र में एकता, भाईचारे, समरसता की भावना को विकसित करने के लिये सम्मेलन समाज से प्रभावी भूमिका निभाने की अपील करता है।

**प्रस्तावक :- श्री राजेश सिकरिया**
**अनुमोदक :- श्री ओम प्रकाश अग्रवाल**
**डॉ. चिंरजीवी खण्डेलवाल**

.....

प्रस्ताव - 2

### संगठन

मारवाड़ी समाज देश के कोने-कोने में फैला हुआ है एवं



*विषय निर्वाचनी सभा की बैठक में विचार रखते श्री जुगल किशोर जैथलिया व श्री श्यामलाल डोकानिया।*

*प्रस्ताव रखते बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री कमल नोपानी*

उन क्षेत्रों के निवासियों के साथ समरस होकर वाणिज्य व्यवसाय एवं विभिन्न पेशों एवं कामों में संलग्न है।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन सम्पूर्ण मारवाड़ी समाज की एकमात्र प्रतिनिधि संस्था है जो देश के कोने-कोने में बसे समाज के लोगों की समस्याओं को सुलझाने, उनके आत्म विश्वास एवं सामाजिक एकता की भावना को सुदृढ़ करने के लिये कार्य करता है। समाज के सभी व्यक्तियों को एकसूत्र में आबद्ध करने की दिशा में सफल एवं सार्थक कार्य सम्पन्न करने हेतु सम्मेलन की सांगठनिक शक्ति को मजबूत करने की आवश्यकता है।

संगठन का कार्य जमीनी स्तर पर होना आवश्यक है इसके लिये यह जरूरी है कि नगर, जिला एवं राज्य स्तर पर संगठन को सशक्त एवं प्रभावशाली बनाया जाये। राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर सदस्यता अभियान के माध्यम से सम्मेलन के राष्ट्रीय स्वरूप को मजबूत करना है। एक ओर प्रांतीय सम्मेलनों को इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है वहीं राष्ट्रीय सम्मेलन को इस ओर समन्वय दिशा-निर्देशन एवं सक्रिय सहयोग प्रदान करना है।

**प्रस्तावक :- श्री कमल नोपानी**
**अनुमोदक :- श्रीमती पुष्पा चोपड़ा**
**श्री विश्वनाथ केडिया**

## प्रस्ताव - 3
## आर्थिक अवसर एवं चुनौतियां

*विषय निर्वाचनी सभा की बैठक में पारित प्रस्ताव 'आर्थिक अवसर एवं चुनौतियां' को खुले सत्र में रखते श्री संतोष सराफ।*

वैश्विक मन्दी से उबरकर भारत 8-9 प्रतिशत की दर से प्रगति के पथ पर है। अच्छी फसल, निर्यात में वृद्धि एवं कम्पनियों में पर्याप्त मुनाफा आदि 2011 में दस प्रतिशत की दर से वृद्धि को इंगित करता है। इस प्रगति की दर की वजह से आर्थिक अवसरों में वृद्धि हुई है। विश्व की नजर भारत के बाजार पर है। फलस्वरुप प्रवासी भारतीयों की उल्टी यात्रा आरंभ है। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, करीब 1 करोड़ 14 लाख भारतीय काम-धन्धे के लिये विदेश गये एवं 54 लाख भारत वापस आये। 2009 में 60,000 प्रवासी भारतीय अमेरिका से स्थायी रूप में वापस भारत लौटे हैं। खाड़ी देशों से लौटने वालों की संख्या कहीं अधिक हैं। स्पष्टत: देश में आर्थिक अवसर बढ़ रहे हैं।

लेकिन महंगाई एक बड़ी समस्या के रूप में उभरी है। कमर-तोड़ लगातार महंगाई ने गरीब ही नहीं मध्यम वर्ग को भी त्रस्त कर रखा है। पिछले दिनों में प्याज के दाम 82 प्रतिशत, टमाटर 113 तथा बैंगन 94 प्रतिशत बढ़े हैं। महंगाई रुकने का नाम नहीं ले रही है। मुद्रा स्फीति की दर 9-10



*विषय निर्वाचनी सभा की बैठक में विचार रखते उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र लाठ ( बाएं ) व श्री बिनोद तोदी ( बिहार ) ( दाएं )।*

प्रतिशत है। इस पर रोक लगाकर 5 प्रतिशत तक लाना आवश्यक है। अत: महंगाई पर काबू पाने के लिये आर्थिक नीतियों में सरकारी पहल आवश्यक है। सम्मेलन बढ़ती महंगाई पर चिंता व्यक्त करता है।

अवसरों के साथ आर्थिक व्यवस्था कई नई चुनौतियाँ भी प्रस्तुत कर रहा है। खुली विश्व अर्थव्यवस्था तथा बढ़ता विदेशी पूंजी का प्रभाव, एक ओर तीव्र प्रतिस्पर्द्धा को जन्म दे रहा है वहीं छोटे एवं मझौले उद्योगों एवं खुदरा तथा थोक व्यापार के समक्ष अस्तित्व का प्रश्न प्रस्तुत कर रहा है। सरकार को कृषकों, छोटे- मझौले व्यापारियों के हितों की रक्षा करते हुए अर्थनीति के साथ जुड़ी हुई कानूनी जटिलताओं के सरलीकरण को प्रोत्साहित करना चाहिये।

**प्रस्तावक :- श्री संतोष सराफ**
**अनुमोदक :- श्री रविन्द्र लढ़िया**
**श्री बिनोद तोदी**

.....

**प्रस्ताव - 4**

## राजनैतिक

विश्व के सबसे बड़े गणतांत्रिक देश के रूप में भारत की प्रतिष्ठा सर्वमान्य है। गत कई दशकों से मिली-जुली सरकारों का दौर चल रहा है। इस वास्तविकता को देश ने स्वीकार कर लिया है। संभवत: आने वाले कई वर्षों तक यही स्थिति बने रहने की संभावना है। केन्द्र में मिली-जुली सरकार के चलते महत्वपूर्ण एवं दूरगामी नीति-निर्णयों की गति धीमी हुई है, साथ ही समझौते की राजनीति का राष्ट्र की प्रगति पर प्रभाव पड़ा है।

सरकार का आपसी अन्तर्विरोध, दलगत राजनीति, भ्रष्टाचार के लगातार आरोप एवं अनिर्णय की स्थिति राष्ट्रहित में नहीं है। महंगाई पर सरकार का अंकुश आवश्यक है क्योंकि आम आदमी महंगाई से त्रस्त है। राजनैतिक विरोध के फलस्वरुप संसद का कार्य ठप है, जो कि चिन्ता का विषय है। सभी राजनैतिक दल दलगत स्वार्थ से उपर उठकर कार्य करें, यह समय का तकाजा है। कई राज्यों में बहु दलीय सरकारें कार्य कर रही हैं। बहु दलीय सरकारें अपने आप में विकास एवं प्रगति में बाधक नहीं हैं। किन्तु आपसी समझ एवं सामंजस्य आवश्यक है।

सम्मेलन गणतांत्रिक व्यवस्था का हामी रहा है तथा केन्द्र एवं राज्यों में ऐसी सरकारें चाहता है जो स्थायी, निष्पक्ष, भ्रष्टाचारमुक्त एवं प्रगतिशील हो, जो देश को विकास एवं प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर करते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के लिये कटिबद्ध हो।

सम्मेलन की सोच है कि मारवाड़ी समाज में राजनैतिक चेतना के विकास एवं राजनैतिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता हैं।

**प्रस्तावक :- श्री सुरेन्द्र लाठ**
**अनुमोदक :- श्री बिनोद अग्रवाल**
**श्री हरे कृष्ण अग्रवाल**

.....

**प्रस्ताव - 5**

## समाज सुधार व स्वास्थ्य

मारवाड़ी सम्मेलन का यह अधिवेशन समाज में बढ़ते हुए धन के प्रभाव एवं गिरते नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों पर चिन्ता व्यक्त करता है। वैवाहिक कार्यक्रमों में बढ़ता दिखावा-आडम्बर एवं धन का प्रदर्शन तथा अन्य धार्मिक एवं पारिवारिक आयोजनों के अवसर पर बढ़-चढ़ कर किये जाने वाले फिजूलखर्ची की प्रवृति को समाज के स्वस्थ स्वरूप के लिये बाधक एवं घातक मानता है। इस प्रकार के विवेकहीन प्रदर्शनों से समाज की छवि धूमिल होती है तथा अन्य समाजों में भ्रामक धारणा बनती है। विवाह आदि अवसरों पर लेन-देन और दहेज, पण्डाल तथा कार्ड छपाई, भोज आदि पर अनावश्यक

*विषय निर्वाचनी सभा की बैठक में विचार रखते श्री रामनिवास चोटिया व श्री कैलाशपति तोदी।*

खर्च करने की होड़ सी लगी हुई है।

बढ़ते तलाक, टूटते परिवार, बुजुर्गों के प्रति गिरता सम्मान, आदि चिन्तनीय विषय हैं। सादगी एवं मितव्ययिता व्यक्तिगत ही नहीं सामाजिक गुण भी है।

समाज के बौद्धिक एवं चिन्तनशील वर्ग से इस कुप्रवृत्ति के विरुद्ध आवाज उठाने एवं जनमत तैयार करने का सम्मेलन आह्वान करता है। सम्मेलन को भी आवश्यकतानुसार प्रतीकात्मक एवं आन्दोलनात्मक अभियान के माध्यम से प्रतिरोध व्यक्त करने पर गम्भीरता से विचार करना चाहिये।

इसके अलावा सर्वसम्मत्ति से यह अधिवेशन अनुभव करता है कि समाज में खान-पान की खराबी तथा जीवन शैली में ह्रास के कारण मधुमेह की बीमारी फैलती जा रही है। इसके निवारण एवं नियन्त्रण की आवश्यकता है। सम्मेलन अपनी शाखाओं के माध्यम से मधुमेह जाँच शिविर लगावे व निवारण के उपाय करे। यह अधिवेशन यह भी अनुभव करता है कि आज देश में विशेष कर समाज में तम्बाकू, गुटखा, खैनी आदि का प्रयोग बढ़ता जा रहा है जिससे स्वास्थ्य खोखला हो रहा है। यह अधिवेशन सभी शाखाओं तथा महानुभावों का आह्वान करता है कि तम्बाकू मुक्ति मिशन के अभियान में जो संस्थाएं व व्यक्ति जागरूक हैं उनके साथ मिलकर इस मिशन को आगे बढ़ावें।

**प्रस्तावक :- श्रीमती पुष्पा चोपड़ा, डॉ. आर.के. मोदी**
**अनुमोदक :- श्री कैलाशपति तोदी, श्री कमलेश नाहटा**
**डॉ. चिरंजीवी खण्डेलवाल**
**प्रो. रामपाल अग्रवाल, नूतन**

.....

**प्रस्ताव - 6**

## उच्च शिक्षा कोष

2006 में भुवनेश्वर में आयोजित 20वें राष्ट्रीय अधिवेशन में समाज में उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिये मेधावी एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को सहयोग देने का आह्वान किया गया था। तत्पश्चात इस प्रस्ताव एवं कार्यक्रम को दिल्ली के 21वें अधिवेशन में दोहराया गया।

कौस्तुभ जयंती के कार्यक्रमों के अन्तर्गत इस कार्यक्रम को और मजबूती प्रदान करने के लिये एक 2 करोड़ रुपये के उच्च शिक्षा कोष का मारवाड़ी सम्मेलन फाउण्डेशन के अन्तर्गत गठन करने का निर्णय लिया गया।

*श्री नागरमल बाजोरिया उर्फ धरतीपकड़ का शॉल ओढ़ाकर सम्मान करते राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल रुँगटा एवं मोमेन्टो प्रदान करते नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री हरिप्रसाद कानोड़िया। साथ में परिलक्षित हैं पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष श्री कमल नोपानी व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री आत्माराम सोंथलिया।*

*विषय निर्वाचनी सभा की बैठक में उपस्थित सदस्य।*

इस कार्यक्रम एवं प्रयास का सम्मेलन स्वागत करता है। प्रांतीय स्तर पर स्थापित शिक्षा कोष जहां एक तरफ शिक्षा के प्रचार एवं प्रसार के लिये कार्य करते रहें वहीं राष्ट्रीय सम्मेलन समाज में उच्च शिक्षा के लिये हर संभव प्रयास करे। इस कार्यक्रम में सभी प्रांतीय सम्मेलनों की भागीदारी हो एवं अन्ततोगत्वा एक बड़े कोष का गठन किया जा सके जिससे कि देश के किसी कोने में भी समाज का कोई भी मेधावी छात्र या छात्रा धन के अभाव में उच्चतम शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रह सके।

**प्रस्तावक :- डॉ. चिरंजीवी खण्डेलवाल**
**अनुमोदक :- श्री लक्ष्मीनारायण डोकानिया**
**श्री श्यामलाल डोकानिया**

.....

**प्रस्ताव - 7**

## *राजस्थानी भाषा*

राजस्थानी भाषा एवं साहित्य अत्यन्त समृद्ध है। गत दशकों में राजस्थानी साहित्य की विभिन्न विधाओं में लेखकों-कवियों-कवित्रियों साहित्यकारों ने इसके भंडार को और अधिक समृद्ध किया है। सम्मेलन कई वर्षों से राजस्थानी साहित्य की श्रीवृद्धि में योगदान के लिये साहित्यकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करता आया है।

सम्मेलन इस विषय पर क्षोभ एवं असंतोष व्यक्त करता है कि विभिन्न स्तर पर आश्वासनों के बाद भी राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है।

सम्मेलन समाज के विधान सभा एवं संसद सदस्यों से केन्द्रीय सरकार से राजस्थानी भाषा को संवैधानिक एवं राज्य भाषा का सम्मान एवं स्थान देने के लिये ईमानदारी से सक्रिय प्रयास करने का आह्वान करता है।

**प्रस्तावक :- श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला**
**अनुमोदक :- श्री एन.के. अग्रवाल**
**श्री गिरधारीलाल सराफ**

*स्थानीय पत्रकारों से रूबरू होते पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा के साथ हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल रुँगटा, नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री हरिप्रसाद कानोड़िया, राष्ट्रीय महामंत्री श्री रामअवतार पोद्दार एवं बिहार अध्यक्ष श्री कमल नोपानी।*

# प्रस्तावों पर हुई बहस का एक हिस्सा

## प्रस्ताव - 1 : राष्ट्रीय एकता

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री श्री राजेश सिकरिया ने अध्यक्ष के आदेशानुसार राष्ट्रीय एकता से सम्बन्धित पहला प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

## प्रस्ताव - 2 : संगठन

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री कमल नोपानी ने संगठन पर प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

**श्री सीताराम शर्मा ( पूर्व अध्यक्ष )**

यह प्रस्ताव आने वाले दो वर्षों के लिए सम्मेलन को दिशा-निर्देश देगा। सम्मेलन मजबूत होना चाहिए, यह तो ठीक है किन्तु कैसे होना चाहिए इस पर विचार करें। संगठन एवं समाज सुधार में हमें बड़ी सफलता नहीं मिल पा रही है।

**श्री बिनोद तोदी ( बिहार )**

संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए संगठन में आमूल-चूल परिवर्तन हो। ग्रामीण स्तर से मजबूती प्रदान करने की आवश्यकता है। पदाधिकारी शाखाओं का दौरा करें।

**श्री प्रह्लाद झुनझुनवाला**

संगठन मजबूत होना चाहिए। कार्यों के माध्यम से लोगों को अपने साथ जोड़ें। दिल्ली देश की राजधानी है। वहां संस्था का सशक्त संगठन या केन्द्रीय कार्यालय होना चाहिए।

**श्री सत्यनारायण पोद्दार ( भागलपुर )**

कैसे संगठन को मजबूत करें इस पर अलग से प्रस्ताव आना चाहिए।

**श्री विश्वनाथ केडिया ( बिहार )**

बिहार में जिला इकाइयों को खत्म कर दिया गया है। उन्हें फिर से चालू किया जाये।

**श्री श्याम सुन्दर तुलस्यान**

संगठन को मजबूत करने हेतु शाखाओं को मजबूत करना होगा। पदाधिकारियों को दौरा करना होगा। पत्राचार होना चाहिए।

**श्री प्रमोद गोयनका ( कोलकाता )**

सबसे पहले जन-सम्पर्क विभाग बनाएं। वह सम्मेलन के सभी प्रान्तों से निरन्तर सम्पर्क में रहे। तभी संगठन मजबूत हो सकता है।

**श्री कैलाश प्रसाद भावसिंहका**

यह प्रस्ताव पारित होना चाहिए। संगठन कैसे मजबूत हो, इस पर चिन्तन जरूरी है।

**श्री सुरेन्द्र लाठ ( अध्यक्ष : उत्कल )**

प्रस्ताव के माध्यम से संगठन पर विचार नहीं होकर, अलग से बातचीत होनी चाहिए। मारवाड़ी समाज के सभी संगठनों को हम कैसे एक साथ जोड़ें, यह सोचना होगा। तभी हमारा उद्देश्य सार्थक हो सकता है। युवा शक्ति को जोड़ने की जरूरत है। महिलाओं की भागीदारी संगठन में नगण्य है। समाज से सभी वर्गों को जोड़ने से लक्ष्य की प्राप्ति संभव है।

**श्री राधेश्याम अग्रवाल**

हमारी कथनी-करनी में फर्क है। मध्यम वर्ग की सम्मेलन के प्रति उत्पन्न हुई सोच को बदलना होगा। उन्हें संगठन से सक्रिय तौर पर जोड़ना होगा, तभी संगठन सजबूत होगा।

**डॉ. चिरंजीवी अग्रवाल**

संविधान को दुरूस्त करने की जरूरत है। पूरे देश में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के नाम से कार्य हो। अध्यक्ष का चुनाव निचले स्तर से होना चाहिए।

**श्रीमती ममताजी**

मारवाड़ी समाज की सूचनावर्द्धक खबरें लोगों तक पहुँचाएं तभी समाज सम्मेलन से जुड़ पायेगा।

**श्री रमेश कुमार केजड़ीवाल**

प्रत्येक वर्ष यह प्रस्ताव आता है। चिन्तन इस बात पर होना चाहिए कि अब तक इस पर काम क्यों नहीं हुआ। मारवाड़ी युवा मंच हमसे आगे निकल गया, हम क्यों पिछड़ गये ?

**श्री संदीप मुरारका**

यह प्रस्ताव परित होना चाहिए।

**श्री काबराजी**

राष्ट्रीय अध्यक्ष को जिलों का दौरा करना चाहिए। पूरे देश में अ.भा.मारवाड़ी सम्मेलन का संगठन शीर्ष पर हो।

**श्री विजय गुजरवासिया ( अध्यक्ष : प.बंग )**

जब तक नाम अलग-अलग होंगे समस्या आयेगी। सभी जगह अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के नाम से काम होना चाहिए। सभी परिवारों को सम्मेलन से जोड़ें।

**श्री कमल नोपानी ( अध्यक्ष : बिहार )**

शाखाओं का भी कुछ दायित्व होता है। यह कहते हुए दुःख होता है कि शाखाएं निष्क्रिय रहती हैं। सिर्फ पदाधिकारी ही दोषी नहीं हैं। स्व चेतना का संचार होना जरूरी है। तभी

संगठन मजबूत होगा।

## प्रस्ताव - 3 : आर्थिक अवसर एवं चुनौतियां

श्री संतोष सराफ ने इस प्रस्ताव को रखते हुए इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया।

**श्री जी.पी. केजड़ीवाल**

यह प्रस्ताव पारित होना चाहिए। सरकार को इस मामले में पहल करनी चाहिए।

## प्रस्ताव - 4 : राजनैतिक प्रस्ताव

उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र लाठ ने यह प्रस्ताव रखते हुए विस्तार से इस प्रस्ताव पर अपनी बात रखी।

**श्री बिनोद अग्रवाल ( झारखण्ड )**

मारवाड़ी समाज पूरे देश को दिशा देने में सक्षम है। राजनीति के क्षेत्र में भी समाज को लोगों को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

**श्रीमती पुष्पा चोपड़ा ( बिहार )**

यह प्रस्ताव समय की मांग है। हमें समवेत होकर कार्य करने की जरूरत है।

**श्री बिनोद तोदी ( बिहार )**

यह प्रस्ताव अच्छा है। मतदान के लिए समाज के लोगों को प्रेरित करने की जरूरत है।

